ई0मेल द्वारा

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप/अनु04/प्रयो0परी0/जून–2022/ 1174 लखनऊःदिनांक– 31/05/2022

विषयः–सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा, जून–2022 की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने विषयक।

महोदय,

परिषद की सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा एवं मल्टी प्वाइन्ट इन्ट्री एण्ड क्रेडिट सिस्टम परीक्षा, जून–2022 की प्रयोगात्मक परीक्षायें ऑफलाइन माध्यम् से सम्पन्न करायी जानी है।

उपरोक्त के दृष्टिगत सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा एवं मल्टी प्वाइन्ट इन्ट्री एण्ड क्रेडिट सिस्टम परीक्षा, जून–2022 की प्रयोगात्मक परीक्षा परिषद द्वारा आवंटित प्रयोगात्मक परीक्षकों द्वारा ही ऑफलाइन माध्यम् से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें एवं परिषद द्वारा नियुक्त किये गये परीक्षकों का विवरण संस्था लॉगिन एवं परीक्षक लॉगिन पर दिनांक 31.05.2022 से उपलब्ध है। उक्त परीक्षा दिनांक 20.06.2022 तक पूर्ण कराते हुए प्रयोगात्मक अंकों को परीक्षक द्वारा परीक्षक लॉगिन के माध्यम् से परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करें।

सूच्य है कि कतिपय संस्थाओं द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा में आने वाली समस्याओं को परिषद कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के वॉट्सएप पर अथवा अनुभाग–4 की मेल के अतिरिक्त अन्य अनुभाग की मेल पर प्रेषित कर समस्या के निराकरण की अपेक्षा की जाती है। इस सन्दर्भ में अनुरोध है कि प्रयोगात्मक परीक्षा संबंधी यदि किसी प्रकार की कोई समस्या आती है तो परिषद कार्यालय के अनुभाग–4 की ई0मेल anubhag4bte@gmail.com पर ही सूचित करें। साथ ही सूच्य है कि यदि परीक्षक द्वारा परीक्षा लेने से मना किया जाता

है तो संस्था द्वारा परीक्षक से इस सम्बन्ध में ई0मेल/पत्र प्राप्त कर लिया जाये अथवा परीक्षक के लॉगिन पर Rejection की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें परीक्षक अपने लॉगिन के माध्यम से रिजेक्ट कर सकते हैं। संस्था स्वयं के स्तर पर परीक्षक से संपर्क स्थापित करेंगे एवं ई0मेल के माध्यम से परीक्षक को सूचित करेंगे, जिसका विवरण संस्था स्तर पर सुरक्षित रखेंगे।

साथ ही सूच्य है कि प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित छात्र/छात्राओं के प्रयोगात्मक अंकों की ई–लिस्ट की हार्डकापी पेपर कोड के बढ़ते क्रम में व्यवस्थित कर स्पाईरल बांइडिंग कराते हुए परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

भवदीय,

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु04/प्रयो0परी0/जून–2022/ 1175-77 तद्दिनॉक–31.5.22

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पूर्वी क्षेत्र।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव।